पटना विश्वविद्यालय

अधिसूचना

पटना विश्वविद्यालय के विभिन्न विषयों के स्नातक (रेगुलर एवं वोकेशनल) कोर्स में नामांकन हेतु पहली मेधा सूची 11 जून 2025 को जारी की जाएगी। जिन आवेदकों का मेरिट लिस्ट में नाम है वे निम्नलिखित दिशा–निर्देश का अनुपालन करें:–

1. जिन आवेदकों (छात्र/छात्रा) का नाम मेधा–सूची में है वे इसे विश्वविद्यालय के वेवसाइट- www.pup.ac.in पर अपने लॉगइन आई डी एवं पासवर्ड की मदद से देख सकेंगे।
2. अलॉटमेन्ट लेटर में अंकित नामांकन शुल्क जमा करेंगे।
3. फी पेमेन्ट के बाद अलॉटमेन्ट लेटर, पेमेन्ट स्लिप एवं आवेदन पत्र डाउनलोड करें।
4. उपरोक्त तीनों कागजात (अलॉटमेन्ट लेटर, पेमेन्ट स्लिप, आवेदन पत्र) के साथ अपना चार पासपोर्ट साईज फोटो, सभी मूल प्रमाण–पत्र (सभी मूल प्रमाण–पत्र का एक छाया प्रति भी ले जाएँ) सहित अलॉटमेन्ट लेटर में अंकित महाविद्यालय समय पर पहुँच कर नामांकन कराएँ।
5. यदि किसी छात्र को नामांकन हेतु उनका पसंदीदा विषय नहीं मिला हो तो वैसे छात्र नामांकन करवाने के तुरंत बाद अपने लॉगइन आई डी एवं पासवर्ड की मदद से पोर्टल पर लॉगइन होंगे जहाँ उन्हें अपग्रेडेशन का विकल्प मिलेगा।
6. अपने अपग्रेडेशन का विकल्प चुनने के पश्चात अगली सूची में सीट उपलब्ध रहने पर अपग्रेडेशन की संभावना रहेगी।
7. दिनांक 13 जून से 16 जून के बीच प्रथम मेधा सूची में चयनित छात्रों के काउंसेलिंग और नामांकन की प्रकिया पूर्ण की जाएगी।
8. रिक्त सीट पर नामांकन के लिए दूसरी मेधा सूची दिनांक 19 जून 2025 को जारी की जाएगी जिसकी काउंसेलिंग और एडमिशन की प्रकिया 21 जून 2025 से 24 जून 2025 के बीच संपन्न होगी।
9. नामांकन हेतु तीसरी मेधा सूची दिनांक 27 जून 2025 को जारी की जाएगी जिसकी काउंसेलिग और नामांकन की प्रकिया 30 जून 2025 से 1 जुलाई 2025 के बीच सपन्न होगी।
10. काउंसेलिंग का समय प्रातः 10.00 बजे से शाम 4.00 बजे तक है।
11. सभी चयनित आवेदकों को निर्धारित तिथि और समयावधि में ही अपना नामांकन करवाना होगा। जो छात्र/छात्राएँ काउंसेलिंग हेतु निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित नही होंगे अगले राउंड के लिए उनकी दावेदारी स्वतः समाप्त हो जाएगी।
12. स्नातक कोर्स के सभी विषयों में नामांकित छात्रों का इंडक्शन मीट 2 जुलाई 2025 को उनके महाविद्यालय में आयोजित किया जाएगा।
13. सभी महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रतिदिन किए गए **validation** का प्रतिवेदन प्रो0 रजनीश कुमार, नामांकन प्रभारी, को संकायाध्यक्ष कार्यालय में अपराह्न में देंगे।
14. काउंसेलिंग/नामांकन के लिए सभी प्रधानाचार्यों को लिंक भेजा जाएगा।

कुलपति के आदेश से
Shalini
10-6-2025
कुलसचिव
पटना विश्वविद्यालय, पटना।

ज्ञाप संख्या–Adm/661 दिनांकः 10.06.2025

प्रतिलिपि–1. सभी संकायों के अध्यक्ष, पटना विश्वविद्यालय, 2. सभी स्नातकोत्तर विभागों के अध्यक्ष, पटना विश्वविद्यालय, 3. सभी महाविद्यालयों के प्रधानाचार्य, पटना विश्वविद्यालय, 4. सभी संस्थानों के निदेशक, पटना विश्वविद्यालय, 5. सभी पदाधिकारी, पटना विश्वविद्यालय, 6. प्रोफेसर इन चार्ज, आई क्यू ए सी सेल, पटना विश्वविद्यालय (को विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर अपलोड किए जाने हेतु) 7. प्रोफेसर इन चार्ज, आई टी सेल, पटना विश्वविद्यालय, 8. नामांकन कार्य कर रही ऑटोमेशन एजेंसी, 9. सभी प्रशाखा पदाधिकारी, पटना विश्वविद्यालय, 10. निजि सहायक, कुलपति, पटना विश्वविद्यालय, 11. निजि सहायक, कुलसचिव, पटना विश्वविद्यालय, 12. निजि सहायक, उपकुलसचिव पटना विश्वविद्यालय, को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Shalini
10-6-2025
कुलसचिव
पटना विश्वविद्यालय, पटना।

10/06/25